चाहे खुशियां दे या ग़म

मुझे जो देंगे मेरे श्याम सर झुका कर मैं लूंगा,
चाहे खुशियां दे या ग़म मुस्कुरा कर मैं लूंगा,
मुझे तो मेरा श्याम देगा जो सही है....

जीवन मेरा तेरे ही हवाले रहे,
मुझको यूँ सदा तू ही संभाले रहे,
कैसे बाबा तेरा शुकराना करूँ,
तेरे ही सहारे मैं गुज़ारा करूँ,
गुज़ारा करूँ...
हर पल यूँ ही तेरा गुण गाकर मैं लूंगा,
चाहे खुशियां दे या ग़म मुस्कुरा कर मैं लूंगा,
मुझे तो मेरा श्याम देगा जो सही है.....

देर ही सही पर होता भला,
संकट के आगे मेरे बाबा खड़ा,
जब जब देता करता हिसाब नहीं,
तेरी कृपा का बाबा जवाब नहीं,
जवाब नहीं...
तेरे आगे झोली को फैला कर मैं लूंगा,
चाहे खुशियां दे या ग़म मुस्कुरा कर मैं लूंगा,
मुझे तो मेरा श्याम देगा जो सही है.....

चिंता ना अब कोई फिकर मुझे,
पल पल की है मेरी खबर तुझे,
झुमु नाचूं गाऊं मैं तो मौज करूँ,
कृपा से ये तेरी मैं तो रोज़ करूँ,
मैं रोज़ करूँ...
राखी संग बाबा को रिझाकर मैं लूंगा,
चाहे खुशियां दे या ग़म मुस्कुरा कर मैं लूंगा,
मुझे तो मेरा श्याम देगा जो सही है.....

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/27321/title/chahe-khushian-de-ya-gam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |